_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date-   Class - IV
Subject- Hindi Language   Page-1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
                  Ms. Suman Sharma

'वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँटो'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

यह पाठ 'वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँटो' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो! यह पाठ आपको 11 अप्रैल, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँटो' के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो, अब मैं आपको 'वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँटो' समझाऊँगी। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो! इस पाठ को समझने के लिए पहले हमें संज्ञा के बारे में समझना होगा।

बच्चो! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें एवं समझें।

1. मेरा नाम कविता है।
2. मैं चण्डीगढ़ में रहती हूँ।
3. मैं हररोज दूध पीती हूँ।
4. मुझे सोने के गहने बहुत पसंद हैं।
5. मैं एक अध्यापक बनना चाहती हूँ।
6. मुझे सरदी का मौसम अच्छा लगता है।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-   Class- IV
Subject- Hindi Language   Pg-2
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

बच्चो ऊपर दिए गए वाक्यों में आए शब्द कविता, चण्डीगढ़, दूध, सोना, अध्यापक और सरदी किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम का बोध करवा रहे हैं। ये सभी नाम संज्ञा हैं।

इस प्रकार बच्चो!

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।

बच्चो! संज्ञा के तीन भेद होते हैं।

- व्यक्तिवाचक संज्ञा
- जातिवाचक संज्ञा
- भाववाचक संज्ञा

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा** :- जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे :- गंगा, कोलकाता, मदर टेरेसा आदि। ये सभी एक विशेष नदी, विशेष शहर तथा विशेष महिला के लिए प्रयोग किया गया है।

2. **जातिवाचक संज्ञा** :- जिस संज्ञा शब्द से पूरी जाति का पता चले, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे :- नदी संज्ञा शब्द है। यह कोई भी नदी हो सकती है। इसी प्रकार कमरा, फूल, कुरसी आदि सभी जातिवाचक संज्ञाएँ हैं क्योंकि ये शब्द पूरे वर्ग या जाति के लिए प्रयोग होते हैं।

3. **भाववाचक संज्ञा** :- जो संज्ञा शब्द मन के भाव, किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान के गुण-दोष तथा अवस्था के बारे में बताते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे :- बचपन, ऊँचाई, हँसी, दया आदि।

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date - Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 3
Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

बच्चो! मैंने आपको संज्ञा के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नो के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. संज्ञा की परिभाषा लिखें।

प्रश्न - 2. संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?

प्रश्न - 3. बुढ़ापा और बचपन संज्ञा के किस भेद के उदाहरण हैं ?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।

उत्तर - 2. संज्ञा के तीन भेद होते हैं।

- व्यक्तिवाचक संज्ञा
- जातिवाचक संज्ञा
- भाववाचक संज्ञा

उत्तर - 3. भाववाचक संज्ञा

बच्चो! हिन्दी में संज्ञा के दो और भेद स्वीकार किए गए हैं।

---

* **द्रव्यवाचक संज्ञा** :- जिन संज्ञा शब्दों से द्रव्यों, पदार्थों अथवा धातुओं के नाम का बोध होता है, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे :- लोहा, चाँदी, सोना, दूध, घी, तेल आदि।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date - Class - IV

Subject - Hindi Language Page - 4

Subject Teachers - Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma.

* **समूहवाचक संज्ञा** :- जिन शब्दों से वस्तुओं अथवा प्राणियों के समूह / समुदाय को बोध होता है, उन्हें समूहवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे :- समूह, भीड़, जत्था, मंडली, कक्षा आदि।

बच्चो! अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी जिसे सभी बच्चे अपनी - अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

⇒ निम्नलिखित वाक्यों में से उचित संज्ञा शब्द छाँटिए तथा भेद का नाम लिखिए।

वाक्य	संज्ञा शब्द	भेद
1. महात्मा गाँधी जी को आज भी याद किया जाता है।		
2. आज सड़क पर बहुत भीड़ थी।		
3. मेरा मित्र हमेशा सबकी सहायता करता है।		
4. बच्चों को हर रोज दूध पीना चाहिए।		
5. महात्मा गाँधी जी एक नेक व्यक्ति थे।		
6. मुझे सोने के गहने बहुत पसंद हैं।		
7. मैं चण्डीगढ़ में रहती हूँ।		
8. मुझे अपना बचपन याद है।		
9. हमें सदैव सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए।		
10. हम कल लाल किला देखने जाएँगे।		

Scanned with CamScanner

—/—/—

Date - Class - IV

Subject - Hindi Language Page - 5

Subject Teachers - Ms. Roma Rani.

Ms. Suman Sharma.

बच्चो ! आपका यह पाठ यही खत्म हो गया है। आशा है आपको यह अच्छे से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको गृह कार्य दूंगी। जिसे सारे बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका मे करेंगे।

गृहकार्य :-

- बच्चो ! आप 'वाक्य में से संज्ञा शब्द छाँटो' के दस वाक्य अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका मे लिखेंगे।
- आप इन वाक्यों को समझकर स्वयं करेंगे।
- इस कार्य की उत्तर पत्रिका आपको वीरवार को भेजी जाएगी।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner